# PAPER-III
# LINGUISTIC

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

| J | 3 | 1 | 1 | 1 |
|---|---|---|---|---|

Time : 2 $^1/_2$ hours]  [Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **32**  Number of Questions in this Booklet : **19**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (केलकुलेटर) या लॉग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

**LINGUISTIC**

**भाषा विज्ञान**

**PAPER–III**

**प्रश्नपत्र–III**

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## SECTION – I

## खंड – I

**Note :** This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 marks)**

**नोट :** इस खंड में **बीस–बीस** अंकों के **दो** निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ (500)** शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. The bottom line for linguistics is that the analysis of language must reflect the way it is actually used, not some one's idealised vision of how it should be used. Discuss.
भाषा विज्ञान में मूल बात यह है कि भाषा विश्लेषण से इसका सही रूप प्रलक्षित हो, न कि इसे किसी व्यक्ति की आदर्श दृष्टि के अनुसार प्रयुक्त किया जाए । चर्चा कीजिए ।

**OR/अथवा**

'What does it mean to know a language ? To answer this question it is first necessary to understand the resources that a language makes available to its native speakers, those who have acquired it as children in a natural setting'. Look at the statement and critically examine the significance of mother tongue in education.
किसी भाषा को जानने से क्या अभिप्राय है ? इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए प्रथम यह समझना आवश्यक है कि भाषा अपने मूल वक्ताओं के लिए क्या स्रोत उपलब्ध करवाती है - जिन्होंने इस भाषा के ज्ञान को अपने शैशव में और प्राकृतिक परिवेश में अर्जित किया है । इस कथन को ध्यान में रखते हुए मातृभाषा के महत्व का समीक्षात्मक परीक्षण कीजिए ।

2. Discuss the role of HPSG in computational linguistics.
अभिकलनात्मक भाषा विज्ञान (Computational linguistics) में 'एच पी एस जी' की क्या भूमिका है ? चर्चा कीजिए ।

**OR/अथवा**

Explain AGR – based case theory.
'ए जी आर' आधारित कारक सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए ।

**OR/अथवा**

Do you agree that Optimality theory blends two lines of exploration (constraints in grammar and derivationless phonology ?
क्या आप सहमत हैं कि आप्टीमेलिटी सिद्धान्त (Optimality theory) दो प्रकार के अन्वेषणों-व्याकरण में बाध्यता और व्युतपत्तिरहित स्वनिम विज्ञान-को मिलाता है ?

**OR/अथवा**

How is gender identity marked in languages ? Explain with suitable examples from any language of the Indian sub–continent.
भाषाओं में लिंग-पहचान कैसे की जाती है ? इसे भारत उपद्वीप की किसी भाषा से सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

**OR/अथवा**

Discuss the Global model of brain – language study.
मस्तिष्क-भाषा अध्ययन के वैश्विक मॉडल की व्याख्या कीजिए ।

## SECTION – II

## खंड – II

**Note :** This section contains **three (3)** questions of the electives/specializations. The candidate has to choose only one elective/specialization and answer all the three questions contained therein. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 marks)**

**नोट :** इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **तीन (3)** प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी के तीनों प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह (15)** अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ (300)** शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

### Elective – I
### विकल्प – I

3. Critically examine how computational linguistics seeks to resolve reference and compositionality.
अभिकल्पनात्मक भाषाविज्ञान किस प्रकार संदर्भ एवं समास रचना का निराकरण करने की चेष्टा करता है ? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये ।

4. Giving suitable examples discuss the intricacies involved in syntactic parsing.
वाक्यात्मक पद परिचय से जुड़ी जटिलताओं की सोदाहरण विवेचना कीजिये ।

5. What is meant by corpus – building and corpus processing ?
सामग्री-निर्माण और सामग्री प्रक्रमण से आप क्या समझते हैं ?

**OR/अथवा**

### Elective – II
### विकल्प – II

3. Critically examine the major assumptions and issues of the Principles and Parameters theory.
प्रिंसीपल्स एण्ड पैरामीटर्स थ्योरी की मुख्य मान्यताओं और मुद्दों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये ।

4. Discuss the notion of D – structure and S – structure. What were the reasons for discarding them ?
डी-संरचना और एस-संरचना की अवधारणा की विवेचना कीजिये । उन्हें हटाने / त्यागने के क्या कारण हैं ?

5. Giving suitable examples discuss the notions of strong and weak features in the minimalist program.
निम्निष्ठवादी कार्यक्रम में प्रबल एवं कमजोर अभिलक्षणों की धारणाओं की सोदाहरण विवेचना कीजिये ।

**OR/अथवा**

### Elective – III
### विकल्प – III

3. Do you agree that prosodic morphology is a theory of how morphological and phonological determinants of linguistic form interact.
क्या आप इस बात से सहमत हैं कि स्वनगुणिमिक रूप विज्ञान इसका सिद्धान्त है कि किस प्रकार भाषायी रूप के शब्दगत और स्वनिमिक निर्धारक अंत:क्रिया करते हैं ।

4. What are the smaller units that make up a segment and what kinds of manipulations are possible on these units? Elaborate with suitable examples.
लघुत्तम इकाईयाँ जो खंड बनाती हैं क्या हैं और इन इकाइयों पर किस प्रकार के कार्य-साधन संभावित हैं ? सोदाहरण बताइये ।

5. Do you agree that GEN and EVAL are the only operations in optimality theory ? Give your arguments.
'इष्टतमता सिद्धान्त में केवल जैन (जी इ एन) और इवेल (इ वी एल एल) की संक्रियाएँ विद्यमान रहती है' क्या आप इससे सहमत हैं ? अपने तर्क दीजिये ।

**OR/अथवा**

**Elective – IV**
**विकल्प – IV**

3. Critically examine the role of social motivation in Sound Change.
स्वन परिवर्तन में सामाजिक प्रेरणा की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये ।

4. Describe the patterns of social network clusters related with the ego ? How speech marks the multiplex of these networks ?
अहं से सम्बन्धित सामाजिक नेटवर्क गुच्छों के नमूनों का वर्णन कीजिये । किस प्रकार भाषा इन नेटवर्कों के बहुविध रूप को चिन्हित करती है ?

5. What is meant by Communicative Competence ? Discuss its relevance for ethnography of Communication.
सम्प्रेषण क्षमता का क्या अर्थ है ? सम्प्रेषण के नृजातिविज्ञान के लिये इसकी प्रासंगिकता की विवेचना कीजिये ।

**OR/अथवा**

**Elective – V**
**विकल्प – V**

3. Are the components of language neuroanatomically distinct ? Discuss the 'areas of language'.
क्या भाषा के संघटक स्नायविक शरीर विज्ञानीय रूप से भिन्न हैं ? भाषा के क्षेत्रों की विवेचना कीजिये ।

4. Discuss the notion of cerebral dominance. Is it absolute ? Give your arguments.
प्रमस्तिष्कीय प्रभाविता की धारणा की विवेचना कीजिये । क्या यह निरपेक्ष (या पूर्ण) है ? अपने तर्क दीजिये ।

5. What is meant by dyselexia ? Discuss how dyselexia is classified.
डिसलेक्सिया का क्या अर्थ है ? इसे किस प्रकार वर्गीकृत किया जाता है ? विवेचना कीजिये ।

## SECTION – III
## खंड – III

**Note :** This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks each, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 marks)**

**नोट :** इस खंड में **दस-दस (10-10)** अंकों के **नौ (9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास (50)** शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. What do you understand by design features of language ?
भाषा के डिज़ाइन अंगों से आप क्या समझते हैं ?

7. What is meant by speech acts ?
वाग्व्यापार प्रकार्य से क्या अभिप्राय है ?

8. Describe language loyalty ?
भाषा-निष्ठा का वर्णन कीजिए ।

9. What are stages in language acquisition ?
भाषार्जन के सोपान क्या है ?

10. Discuss the relation between linguistic ability and translatability.
भाषाई योग्यता और अनुदेयता के बीच के सम्बन्धों की विवेचना कीजिए ।

11. What is meant by deep dyslexia ?
गहन अस्पष्ट विन्यास से क्या अभिप्राय है ?

12. List five features of Verb final languages.
क्रियान्तक भाषाओं के पाँच लक्षण लिखिए ।

13. What is relative clause construction ?
सम्बन्ध वाचक उपवाक्य संरचना क्या है ?

14. What are the salient features of endocentric compounds ?
बहिष्केंद्रित समासों के विशिष्ट लक्षण क्या हैं ?

## SECTION – IV
## खंड – IV

This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words. **(5 × 5 = 25 marks)**

इस खंड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

निचे दिये गये लेखांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और लेखांश के बारे में अपनी समझ के आधार पर नीचे दिये प्रश्नों (**15** – 19) का उत्तर दीजिए ।

Furthermore, it is wrong to think of human use of language as characteristically informative, in fact or in intention. Human language can be used to inform or mislead, to clarify one's own thoughts or to display one's cleverness, or simply for play. If I speak with no concern for modifying your behaviour or thoughts, I am not using language any less than

if I say exactly the same things with such intention. If we hope to understand human language and the psychological capacities on which it rests, we must first ask what it is, not how or for what purposes it is used. When we ask what human language is, we find no striking similarity to animal communication systems. There is nothing useful to be said about behaviour or thought at the level of abstraction at which animal and human communication fall together. The examples of animal communication that have been examined to date do share many of the properties of human gestural systems, and it might be reasonable to explore the possibility of direct connection in this case. But human language, it appears, is based on entirely different principles. This, I think, is an important point, often overlooked by those who approach human language as a natural, biological phenomenon; in particular, it seems rather pointless, for these reasons, to speculate about the evolution of human language from simpler systems – perhaps as absurd as it would be to speculate about the "evolution" of atoms from clouds of elementary particles.

इससे आगे, यह सोचना गलत है कि मानव के लिए भाषा यथार्थ में अथवा आशय से विशिष्टतया सूचना देने-लेने का कार्य करती है । मानव की भाषा सूचित करने, अपने विचारों को स्पष्ट करने अथवा अपने चातुर्य को प्रदर्शित करने अथवा खेल मात्र के लिए प्रयुक्त की जा सकती है । यदि मैं आपके विचार अथवा व्यवहार में परिवर्तन लाने की चिन्ता किये बिना बोलूं तो भी मैं भाषा का कम-ज्यादा वही प्रयोग कर रहा हूँगा जैसा कि मैं उक्त मन्तव्य को ध्यान में रखता हुआ करता । यदि हम मानव की भाषा और उन मनोवैज्ञानिक सामर्थ्यों, जिन पर यह आधारित है, को समझने की कोशिश करें तो सर्वप्रथम हमें यह जानना होगा कि भाषा क्या है, न कि यह कि यह कैसे और किन मन्तव्यों के लिए प्रयुक्त की जाती है । जब हम कहते हैं कि मानव की भाषा क्या है तो हमें ज्ञात होता है कि इसकी पशुओं के सम्प्रेषण सिस्टम के साथ कोई विशिष्ट समानता नहीं है । पशुओं और मानव के सम्प्रेषण में, उनके विचारों और व्यवहार के पृथक्कीकरण के स्तर पर, उनके सम्प्रेषण के बारे कुछ भी अर्थपूर्ण नहीं कहा जा सकता । पशु-सम्प्रेषण के उदाहरण जिनका आज तक परीक्षण हुआ है, उनमें मानवीय सांकेतक सिस्टमों की कई विशेषताएँ दिखाई दी हैं । और यह उपयुक्त होगा यदि इस मामले में प्रत्यक्ष सम्बन्ध की तलाश की जाए । मगर मानव की भाषा, ऐसा लगता है, कि पूर्णतया विभिन्न सिद्धान्तों पर आधारित है । मैं समझता हूँ कि यह एक आवश्यक बिन्दु है जिसकी अनदेखी प्राय: वे लोग करते हैं जो मानवीय भाषा को प्राकृतिक और जैविक अस्तित्व मानते हैं । इन कारणों से, विशिष्ट रूप से, यह अर्थहीन लगता है कि मानवीय भाषा का विकास आसान से ढंगों द्वारा हुआ है, ऐसा कहना घोड़े दौड़ाना होगा । यह उसी प्रकार का होगा जैसा यह कहा जाए कि प्रारम्भिक कणों के बादलों से अणुओं का विकास हुआ है ।

15. Why is human language not characteristically informative ?
मानव भाषा स्वभाव से सूचनापरक क्यों नहीं होती ?

16. What functions does human language serve ?
मानव भाषा किन कार्यों का निष्पादन करती है ?

17. How does human communication differ from animal communication ?
पशुओं के सम्प्रेषण और मानवीय सम्प्रेषण में क्या अन्तर है ?

18. 'But human language, it appears, is based on entirely different principles'. Explain.
'परन्तु मानवीय भाषा, ऐसा लगता है, पूर्णतया भिन्न सिद्धान्तों पर आधारित है ।' स्पष्ट कीजिए ।

19. Why is a discussion on the evolution of human language absurd ?
मानवीय भाषा के विकास पर चर्चा क्यों असंगत है ?

**Space For Rough Work**

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) ........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................